an>

Title: Need to provide jobs to the unemployed person of the families whose land has been acquired by NTPC in the country.

**श्री कृपाल बालाजी तुमाने (रामटेक) :** अध्यक्ष महोदया, पूरे देश में एनटीपीसी द्वारा स्थापित किए गए अनेक पावर प्लांट हैं, जिनके माध्यम से हमारे पूरे देश को बिजली मिलती है, लेकिन जिस समय प्लांट लगाने के लिए जमीन की आवश्यकता होती है, आवश्यकता के अनुरूप हमारे किसान भाई उन्हें जमीन देते हैं और उस समय सरकार और एनटीपीसी किसानों को आश्वस्त करती है कि उन्हें जॉब दिया जाएगा। लेकिन आज यह देखा जाता है कि उत्पादन शुरू होने के बाद भी उन किसानों के बच्चों को किसी प्रकार रोजगार उपलब्ध नहीं कराया जाता है। इसी तरह मेरे रामटेक लोक सभा क्षेत्र में महौदा एनटीपीसी प्लांट शुरू हुआ है, वहां के किसान आंदोलन कर रहे हैं क्योंकि बच्चों को अभी तक जॉब नहीं दिया गया है।

इस वजह से हमारे किसान भाइयों के बच्चों को कठिनाई का सामना करना पड़ता है। मैं आपके माध्यम से सरकार से विनती करना चाहता हूं कि इसी प्लांट के अंतर्गत सरकार ने यूपीएल सरकारी कम्पनी बनाई है। उनके द्वारा इन बच्चों को कांट्रेक्ट के आधार पर रखा जाता है और कम पैसे दिए जाते हैं जबकि वहां जगह खाली होती है। मैं सरकार से विनती करता हूं कि उन्हें यूपीएल में नौकरी दीजिए लेकिन कम से कम दूसरे कर्मचारियों को जितनी सुविधा मिलती है, उससे ज्यादा बेनिफिट्स उन किसानों के परिवार वालों को मिलना चाहिए जिनकी जमीन प्लांट लगाने के लिए दी गई है।

**माननीय अध्यक्ष :** कुंवर पुÂष्पेंद्र सिंह चंदेल, डॉ. मनोज राजोरिया और श्री भैरों प्रसाद मिश्र को श्री कृपाल बालाजी तुमाने द्वारा उठाए गए विÂषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।